Title: Need to ensure early commissioning of computerized railway reservation counter at Ambikapur, Chhatisgarh. - Laid.

श्री खेलसाय सिंह (सरगुजा):अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र सरगुजा के जिला मुख्यालय अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ में कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र को वित्त वर्ा 2002-03 में चालू करने के लिए स्वीकृत कर दिया गया है लेकिन आज तक चालू नहीं हो पाया है। जबकि जिला मुख्यालय अम्बिकापुर के कलेक्टरेट में कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र खोलने के लिए शासकीय मकान उपलब्ध करा दिया गया है। कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र चालू करने के संबंध में माननीय रेल मंत्री जी का पत्र भी प्राप्त हुआ है।

माननीय रेल मंत्री जी से पुनः आग्रह है कि जिला मुख्यालय अम्बिकापुर, सरगुजा, छत्तीसगढ़ में कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र अतिशीघ्र जनहित में चालू कराने की कृपा किया जाये।